वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 21.10.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", हिंदुस्तान,अमर उजाला," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला –दि0 21.10.2024

पार्किंग के लिए संगठनों की मदद लेगा वीडीए

वाराणसी। शहर के बेसमेंट में पार्किंग सुविधा के लिए वीडीए व्यापारिक संगठनों की मदद लेगा। संगठन के पदाधिकारी व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे बेसमेंट में पार्किंग की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रेरित करेंगे। पिछले दिनों वीडीए ने 261 भवनों का सर्वे किया था। 151 बेसमेंट खाली कराए थे। 110 भवन स्वामियों को बेसमेंट खाली करने के लिए नोटिस दिया गया है। वीडीए ने व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों से कहा है कि भवन स्वामियों को स्वयं समझाएं कि वे बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधि को तत्काल प्रभाव से बंद कर पार्किंग की सुविधा बढ़ाएं। शहर की यातायात की बड़ी समस्या है। सड़कों पर लोग वाहन खड़े कर देते हैं। इससे कई मार्गों पर जाम लग जाता है। यदि बेसमेंट में पार्किंग की सुविधा होगी तो लोग सड़क के बजाय पार्किंग में वाहन खड़े करेंगे। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार व्यापारियों से आग्रह किया जा रहा है कि बेसमेंट का व्यवसायिक इस्तेमाल बंद कर पार्किंग सुविधा दें। ब्यूरो

अमर उजाला –दि0 21.10.2024

पक्की दुकानें मिलीं तो गुमटी दुकानदार हुए खुश

वाराणसी। मैदागिन स्थित टाउन हॉल के बाहरी हिस्से में दुकानदारों को स्मार्ट सिटी की ओर से बनाए गए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दुकानें दी गईं। पीएम ने जब वर्चुअली लोकार्पण किया तो यहां मौजूद गुमटी कारोबारियों को दुकानें मिलीं। 40 दुकानें फिलहाल दी गई हैं। बाकी दुकानें जल्द दी जाएंगी। यहां 58 दुकानें हैं। एक ही छत के नीचे 40 दुकानें मिलने के बाद गुमटी दुकानदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। दुकानदार गयासुद्दीन ने कहा कि पीएम ने जिस तरह से मैदागिन के दुकानदारों को दुकानें आवंटित की हैं उसी प्रकार अन्य बचे दुकानदारों को भी दुकानें मिल जाए तो बेहतर होगा। आमिन अली ने कहा कि अब पक्की दुकानें मिलने से उनके रोजगार में भी बढ़ोतरी होगी और उनकी दुकानों पर हर तरह के खरीदार आएंगे। ब्यूरो

286 वेंडर्स को दी दिवाली की सौगात

सारनाथ। पीएम ने रविवार को 286 वेंडर्स को दिवाली पर उपहार स्वरूप ठेला सौंपा। पीएम ने सारनाथ में करोड़ों रुपये के परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सारनाथ का विकास हम सबके लिए गौरव की बात है। प्रो पुअर परियोजना परियोजना तहत उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग व वीडीए की ओर से वेंडर्स को ठेले दिए गए हैं। ठेला पाने वालों ने इसे पीएम की ओर से दीपावली का उपहार बताया। संवाद

पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

सारनाथ। विश्व पर्यटन स्थल और भगवान बुद्ध के प्रथम धर्म उपदेश स्थली को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग व विकास प्राधिकरण की ओर से विकास परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है। 90 करोड़ रुपये से यहां सड़क निर्माण के अलावा, जल निकासी, प्रकाश के लिए लैंप और साईनेज लगाया गया है। इससे यहां आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आसानी होगी। बनारस से आने वाले पर्यटकों काफी सहूलियत होगी। संवाद

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

हिन्दुस्तान –दि0 21.10.2024

सारनाथ में एक भरोसा जगा : सारनाथ के प्रो पुअर प्रोजेक्ट के तहत हुए कामों से बौद्ध मतावलंबी भी '...सबका विकास' के फार्मूले से जुड़े तो वहां के वेंडरों को अपना रोजगार बढ़ाने, चमकाने का नया फलक भी मिला है।

टूरिस्ट बसों के आधुनिक पार्किंग स्थल से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय पर्यटन को भी नवीन आयाम मिलेगा। चौकाघाट महिला आईटीआई और करौंदी आईटीआई में आधुनिक लैब, सेंट्रल जेल में बैरक एवं 48 कर्मचारियों के आवास, आराजी लाइन के कस्तूरबा विद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक और हॉस्टल चहुंमुखी विकास की नई कड़ियां हैं।